1135

महत्वपूर्ण

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

संख्या-डीजी-दो/अ-55(35)10

दिनांकःलखनऊःजुलाई 8 ,2011

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण/पी0ए0सी0/भ्रष्टाचार निवारण संगठन उ0प्र0/विशेष पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस/ मानवाधिकार आयोग/ उ0प्र0 पावर कारपारेशन लिमिटेड/खाद्य प्रकोष्ठ/अपर पुलिस महानिदेशक, दूर संचार /सी0बी0सी0आई0डी0/ ई0ओ0डब्लू0/ अभिसूचना विभाग/सुरक्षा शाखा/मानवाधिकार प्रकोष्ठ/ सहकारिता प्रकोष्ठ/ यातायात/एस0आई0टी0/रेलवे उ0प्र0 लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय/ भवन कल्याण उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद/पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें/ विशेष जांच/एस0टी0एफ0/ए0टी0एस0 लखनऊ/समस्त पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र/समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र।

विषयः पी0पी0एस0 अधिकारियों द्वारा अचल सम्पत्ति/अर्जित सम्पत्ति का पंचवर्षीय विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विषयांकित प्रकरण में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम-24 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार समस्त पी0पी0एस0 अथवा उसके समकक्ष पदधारक अधिकारियों को अचल सम्पत्ति/अर्जित सम्पत्ति आदि का विवरण प्रत्येक 05 वर्ष में नियमित रूप से मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध कराने के निर्देश पूर्व में निर्गत किये गये हैं। अधिकांश अधिकारियों द्वारा वांछित विवरण नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो कि आपत्तिजनक है।

2. निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ कार्यालयों/इकाईयों/सेक्टर एवं जनपदों में नियुक्त पी0पी0एस0 एवं उनके समकक्ष अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें, कि वे विगत में प्रेषित पंचवर्षीय विवरण की प्रति तथा वर्तमान समय में संलग्न निर्धारित प्रपत्र (क) (ख) (ग) एवं (घ) में पूर्ण विवरण तीन प्रतियों में उचित माध्यम से इस मुख्यालय को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त प्रारूप पुलिस वेबसाइट से भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीया,

8/7/11

(रेणुका मिश्र)
पुलिस महानिरीक्षक(प्रशासन)
उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक उ0प्र0 लखनऊ को मय संलग्नक इस मुख्यालय में नियुक्त पी0पी0एस0 अधिकारियों को तदनुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के सम्बन्ध में प्रेषित है।

2. उप निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ को मय संलग्नक इस आशयक से प्रेषित कि उक्त प्रपत्र (क) (ख) (ग) एवं (घ) को पुलिस वेबसाइट पर डालने का कष्ट करें

संलग्नक-यथोपरि।

घोषणा का प्रपत्र

(क)

(उन व्यक्तियों के लिये जो किसी अचल सम्पत्ति के स्वामी न हों)

मैं एतदद्वारा घोषित करता हूं, कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि इसके पश्चात मैं कोई अचल सम्पत्ति अर्जित करूंगा, तो मैं सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर..................................
पदनाम..................................
दिनांक..................................

(ख)

(उन व्यक्तियों के लिये जो किसी अचल सम्पत्ति के स्वामी हों)

मैं एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरे पास निम्नलिखित अचल सम्पत्ति है।

भू-सम्पत्ति

भूमि जो है			क्षेत्रफल एकड़ में	अर्जित या यदि अर्जित हो तो अर्जित करने का दिनांक	वार्षिक रजिस्टर	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
जिला	तहसील	गांव					
1	2	3	4	5	6	7	8

गृह-सम्पत्ति

क्र0	गृह में स्थित		गृह की संख्या	अर्जित या पैतृक यदि अर्जित करने का दिनांक	क्या रहने के प्रयोजन के लिये काम में आता है, किराये पर उठाया गया है।	वार्षिक किराया	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
	ग्राम, कस्बा या नगर	जिला						
1	2	3	4	5	6	7	8	9

यदि मैं भविष्य में और अचल सम्पत्ति अर्जित करूंगा तो मैं सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर..................................
पदनाम..................................
दिनांक..................................

अवधेय-अचल सम्पत्ति में बन्धक या पट्टे पर रखे गये भू-सम्पत्तियां भी सम्मिलित हैं

किसी अधिकारी की पत्नी या उसके परिवार के अन्य व्यक्ति द्वारा जो सम्मिलित परिवार में हो तो या साथ में रहता हो या किसी प्रकार से उस परिवार पर आश्रित हो, रखी गयी या उसकी ओर से प्रबन्ध की जाने वाली सम्पत्ति इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा स्वयं रखी गयी तथा उसके द्वारा प्रबन्ध की गयी, समझी जायेगी।

(ग)

(उन लोगों के लिये, जिनके कोई अंश (share) या विनिधान (investment) नहीं हो)

मैं एतदद्वारा घोषित करता हूं, कि मैं किसी अंश या अन्य किसी विनिधान का स्वामी नहीं हूं, इसके पश्चात यदि मैं कोई अंश अर्जित करता हूं या अन्य विनिधान करता हूं तो मैं सम्बन्धित अवधि के लिये पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर..................................
पदनाम....................................
दिनांक....................................

(घ)

(उन लोगों के लिये, जिनके कोई अंश (share) या विनिधान (investment) हो)

मैं एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरे निम्नलिखित अंश और विनिधान है।

अंश (share)

क्र0	विवरण	अर्जित करने का दिनांक	प्रत्येक अंश का मूल्य	अंशों की संख्या	अंशों का कुल मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7

विनिधान (investment)

क्र0	विवरण	विनिधान करने का दिनांक	मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5

यदि मैं और अंश अर्जित करता हूं या अन्य विनिधान करता हूं तो मैं सम्बन्धित अवधि के लिये पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर..................................
पदनाम....................................
दिनांक....................................